Regarding pending issue related to the Pradhan Mantri Fasal Yojana

श्री राहुल कस्वां **(चुरू) :** सभापति महोदया, मैं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में एक बहुत बड़े पेंडिंग इश्यू के बारे में बोलना चाहता हूँ । वर्ष 2021 के खरीफ फसल का क्लेम राजस्थान के चुरू लोक सभा क्षेत्र में जितनी राशि आई, उसमें से मात्र ढाई सौ करोड़ रुपये क्लेम का डिस्बर्समेंट हुआ । वहां काफी शिकायतें हुईं, काफी किसानों ने आंदोलन किए । हम स्टैक्स ऐट लेवल असेसमेंट टेक्निकल कमेटी के पास गए ।

महोदया, पिछले आठ महीने से स्टैक की किसी कमेटी की मीटिंग नहीं हुई है । किसान धरने पर बैठे हुए हैं । कंपनियों ने गलत प्रीमियम लेते हुए क्लेम डिस्बर्समेंट भी गलत किया । वहां किसानों के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है । आज 450-500 करोड़ रुपये का क्लेम पेंडिंग पड़ा हुआ है । यह पिछले 2-3 सालों से पेंडिंग पड़ा हुआ है । मैं आपके माध्यम से राजस्थान सरकार से अनुरोध करना चाहूँ गा कि स्टैक की मीटिंग को जल्द से जल्द बुलाया जाए और किसानों के खरीफ वर्ष 2021 का क्लेम जो 550 करोड़ रुपये पेंडिंग पड़ा हुआ है, उसे डिस्बर्स किया जाए ।

महोदया, साथ ही साथ हम वर्ष 2024 खरीफ का प्रीमियम 31 जुलाई को पे कर चुके हैं । आज तक वर्ष 2023 खरीफ डिस्बर्समेंट नहीं हुआ है । इस प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जो मैन एसेंस थी, उसको ही डिस्ट्रॉय कर दिया गया है । किसान एक-साल तक वेट करते हैं, लेकिन प्रीमियम नहीं मिलता है । मंत्री महोदय ने बात कही थी कि अगर किसान के क्लेम डिस्बर्समेंट लेट होता है तो 12 प्रतिशत का ब्याज दिया जाएगा । मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि वर्ष 2021 का क्लेम विद ब्याज किसानों को जल्द से जल्द से आवंटित किया जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।